तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 10 मार्च 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

11 महिला दिवस पर सामूहिक नशा मुक्ति की शपथ



11 भुवनलाल बने भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक



INTERVIEW
अतिशीघ्र आवश्यकता है
11,12,13 March 2026
समय : सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
5 पद - ड्राइवर पुरुष
2 पद - कंप्यूटर ऑपरेटर महिला पुरुष
30 पद - सिक्योरिटी गार्ड महिला
30 पद - सिक्योरिटी गार्ड पुरुष
30 पद - फूड पैकिंग कंपनी के लिए महिला एवं पुरुष
वेतनमान अनुभव के आधार पर
योग्यता-10वीं पास, 22 उम्र से 35 वर्ष सभी पदों के लिए
फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट कैंपस
इंदिरा गांधी स्कूल, भिलाई, जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़-490023

## खबर संक्षेप

### युवक के से मारपीट

**महासमुंद।** मकान का किराया नहीं देने पर एक युवक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को अंकित कुमार सिंह बसना ने बताया कि वह स्टील फेब्रिकेशन का काम करता है। उसने तैयूब खान के गोदाम को करीबन 02 साल से किराया में लिया हुआ है और पिछले 3 माह से गोदाम का किराया नहीं दे पाया है। 8 मार्च की शाम करीबन 04.30 बजे अपनी दुकान के शटर के पास खड़ा था, तभी तैयूब खान का भतीजा आबिद खान, सैफ खान, आफताब अन्य साथियों के साथ आए और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

**क्राइम :** पिथौरा क्षेत्र में लगातार बढ़ रही लूटपाट, चोरी की घटनाएं

# पेट्रोल पंप पर चाकू की नोक पर लूट, एक ही रात में कई वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

- सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, जिले की पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी

समीपस्थ ग्राम टेका स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-53 किनारे एचपी टेका फ्यूल्स पेट्रोल पंप में रविवार-सोमवार की मध्यरात्रि तीन युवकों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। पल्सर मोटरसाइकिल से पहुंचे युवकों ने पेट्रोल पंप के ऑफिस में घुसकर सेल्समैन हेमंत साहू व रोहन साहू को चाकू दिखाकर 36,500 रुपये नगद और एक मोबाइल फोन लूट लिया। पूरी घटना पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

जानकारी के अनुसार, इन्हीं युवकों ने उसी रात सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम भगतदेवरी स्थित एक पेट्रोल पंप में भी वारदात की। यहां पेट्रोल पंप कर्मचारी से 500 रुपये का पेट्रोल डलवाने के बाद चाकू दिखाकर 150 रुपये नगद लेकर फरार हो गए। वहीं बसना क्षेत्र में एक राहगीर से 6,000 रुपये नगद और मोबाइल फोन लूटकर भाग निकले। तीनों घटनाओं में आरोपियों ने चाकू का भय दिखाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया।

पिथौरा थाना प्रभारी सिद्धार्थ मिश्रा ने बताया कि मामले में बीएनएस की धारा 309(4) और 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। लूट में शामिल युवकों की पहचान कर ली गई है तथा पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण इनपुट भी मिले हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इन्हीं आरोपियों के खिलाफ थाना सांकरा और बसना में भी लूट के प्रकरण दर्ज किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार लूट में शामिल युवक सरायपाली क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं।











### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात

लूट की यह पूरी घटना पेट्रोल पंप परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह तीन युवक बाइक पर पहुंचते हैं और हथियारों के दम पर लूटपाट करते हैं। पुलिस ने इन फुटेज को अपने कब्जे में ले लिया है और आरोपियों के हुलिए तथा मोटरसाइकिल के नंबर के आधार पर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### पुलिस की कार्रवाई

घटना की सूचना मिलते ही पिथौरा थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल जिले के संवेदनशील इलाकों और हाईवे पर नाकेबंदी कर दी है। संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज से महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### देशी प्लेन शराब बरामद, एक व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** देशी शराब भट्ठी मोड़ के पास सिलापडेरा में बागबाहरा पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से प्लेन शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी गुलाब खान पिता रहीम खान (75 साल) निवासी वार्ड नं 9 बागबाहरा के कब्जे से प्लेन शराब 10 पौवा कीमत 900 रुपए व नगद रकम 200 रुपए को बरामद किया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# शराब पकड़ने जुटी में आबकारी टीम को मिला गांजा का जखीरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शराब के अवैध परिवहन को रोकने के लिए वाहन चेकिंग कर रही आबकारी टीम ने गांजा तस्करी कर रहे ट्रक में 18 किलो गांजा मिला है। बताया जा रहा है कि ट्रक खाली था और इसमें ओडिशा से गांजा लेकर गुजरात की ओर तस्करी की जा रही थी। इसकी तलाशी करने पर इसमें रखा गांजा आबकारी टीम के हाथ लगा। जिले में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी सुनील कुमार सूर्यवंशी के नेतृत्व में आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया है।

कार्रवाई के दौरान आबकारी टीम में आबकारी उपनिरीक्षक मिर्जा जफर बैग वृत्त सरायपाली, हृदय कुमार त्रिपुड़े वृत्त सांकरा, नीरज कुमार साह वृत्त पिथौरा तथा अनिल कुमार झरिया वृत्त महासमुंद ग्रामीण की संयुक्त टीम द्वारा बैतारी स्थित एनएच-53 के पास वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक 14 चक्का ट्रक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ट्रक में सवार आरोपी इरफान गौरी के पास से 18.285 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। बरामद मादक पदार्थ को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) (पप) (सी) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। आबकारी विभाग द्वारा आरोपी को रिमांड पर लेकर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। आबकारी अधिकारी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों पर सख्ती आईटीएमएस कैमरों से पहले दिन कटे 73 चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और वाहन चालकों



की सुरक्षा के लिए पुलिस ने आधुनिक तकनीक का सहारा लेते हुए बिना हेलमेट चलने वालों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया। जिसके तहत शहर में लगे कैमरों के जरिए सीधे चालान काटे जा रहे हैं। अभियान के पहले ही दिन पुलिस ने इन कैमरों की मदद से 73 दोपहिया वाहन चालकों की पहचान की और उनके खिलाफ ई-चालान जारी किया। यह चालान सीधे वाहन मालिक के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजा जा रहा है।

### ई-चालान की प्रक्रिया हुई शुरू

शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लगभग 30 सीसीटीवी और आधुनिक 360 डिग्री इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों की विशेषता यह है कि ये यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों की पहचान अपने आप कर लेते हैं।

### चिंताजनक हैं दुर्घटनाओं के आंकड़े

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने बताया कि जिले में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का मुख्य कारण सिर पर लगने वाली गंभीर चोट है। पुलिस द्वारा जारी किए गए आंकड़े स्थिति की गंभीरता को दर्शाते हैंः

### जुर्माना और सख्त कार्रवाई

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर सख्ती बरती जाएगी।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम कोसरंगी में एक युवक से मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को रवि बंजारे निवासी वार्ड नं 03 ग्राम कोसरंगी भाठापारा ने बताया कि ग्राम कोसरंगी के सिद्ध बाबा मंदिर चौक के पास उसका फल और किराना दुकान है, जिसमें ईशु साहू ग्राम कोसरंगी उसके साथ काम करता है। 8 मार्च को वह और ईशु साहू दुकान बंद करके ठेला को चलाते हुये घर ले जा रहा था। रात्रि लगभग 8 बजे ग्राम कोसरंगी के भाठापारा चौक पुलिया के पास योगेश साहू ने उसे देखकर पुरानी रंजिशवश गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ में पहने कड़े से एवं हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।





# रोजगार के अभाव में भटक रहे 58,832 युवा सरकारी दावों की जमीनी हकीकत आई सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- रोजगार के अवसरों को लेकर किए जा रहे दावों पर लग रहे सवालिया निशान

छत्तीसगढ़ के जिले में बेरोजगारी की समस्या एक विकराल रूप लेती जा रही है। जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में जिले में पंजीकृत बेरोजगारों की कुल संख्या 58,832 तक पहुँच गई है। यह बड़ी संख्या सरकार द्वारा रोजगार के अवसरों को लेकर किए जा रहे दावों पर गंभीर सवालिया निशान लगा रही है। जिले के हजारों पढ़े-लिखे युवा डिग्री लेकर नौकरी की तलाश में भटक रहे हैं, लेकिन उन्हें उचित अवसर नहीं मिल पा रहे हैं।

### आंकड़े?

- जिला रोजगार कार्यालय के दस्तावेजों के मुताबिक
- पंजीकृत बेरोजगारों की कुल संख्या : 58, 832
- शिक्षित बेरोजगार (स्नातक/स्नातकोत्तर) : लगभग 25, 000
- तकनीकी डिग्री धारक : लगभग 12, 000

### योग्य होने के बाद भी नहीं मिल रहा काम

जिले के युवाओं का कहना है कि उन्होंने उच्च शिक्षा और तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त किया है, फिर भी उन्हें अपनी योग्यता के अनुसार काम नहीं मिल रहा है। प्रशासन द्वारा समय-समय पर रोजगार मेलों का आयोजन तो किया जाता है, लेकिन वहां या तो वेतन बहुत कम होता है या फिर निजी कंपनियां कुछ ही दिनों के काम के बाद युवाओं को हटा देती हैं।

महासमुंद निवासी एक शिक्षित युवा अंकित कुमार ने अपनी व्यथा साझा करते हुए बताया ?मैंने स्नातक की पढ़ाई पूरी कर ली है और पिछले दो वर्षों से लगातार सरकारी और निजी क्षेत्रों में नौकरी की तलाश कर रहा हूं। जिला रोजगार कार्यालय में मेरा नाम दर्ज है, लेकिन अब तक कोई ठोस अवसर नहीं मिला। घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, इसलिए अब मैं छोटे-मोटे काम करने को मजबूर हूं। सरकार बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन हकीकत में हम जैसे हजारों युवा आज भी खाली हाथ हैं।

### सरकारी योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ

अंकित जैसे हजारों युवाओं का आरोप है कि सरकारी विभाग केवल कागजों पर आंकड़े पेश करते हैं। जिले में औद्योगिक विकास की गति धीमी है और स्थानीय स्तर पर नए उद्योगों की कमी के कारण युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों या बड़े शहरों की ओर रुख करना पड़ रहा है।

कौशल विकास योजनाओं के तहत प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को भी बैंकों से ऋण मिलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जिससे वे अपना खुद का छोटा व्यवसाय भी शुरू नहीं कर पा रहे हैं।

यह स्थिति दर्शाती है कि जिले में केवल मजदूर वर्ग ही नहीं, बल्कि उच्च शिक्षित वर्ग भी बेरोजगारी की मार झेल रहा है। यदि जल्द ही रोजगार के ठोस अवसर पैदा नहीं किए गए, तो युवाओं में हताशा और बढ़ सकती है। स्थानीय लोगों की मांग है कि जिले में नए उद्योग स्थापित किए जाएं और सरकारी रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।

# मार्च की गर्मी में ट्रेनों का सफर हुआ मुश्किल, लोकल से एक्सप्रेस तक जनरल कोच में पंखे बंद, छूट रहा पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

ट्रेनों में लगे पंखे की धीमी रफ्तार और खराबी के कारण यात्रियों का गर्मी में सफर करना अब मुश्किल होने लगा है। जोन के साथ-साथ दूसरे जोन की ट्रेनों के जनरल कोच में लगे 3 से 6 पंखे या तो पूरी तरह बंद हैं या इतनी धीमी गति से चल रहे हैं कि यात्रियों तक हवा ही नहीं पहुंच रही है। हरिभूमि ने ट्रेनों में लगे पंखों की पड़ताल की, जिसमें हसदेव, इतवारी मेमू, रक्सौल, हावड़ा एक्सप्रेस और रायपुर-कोरबा पैसेंजर जैसी ट्रेनों के जनरल कोच में एक दर्जन से अधिक पंखे बंद पाए गए। वहीं लोकल ट्रेनों के तीन से ज्यादा कोच में पंखों की रफ्तार बेहद धीमी मिली। हसदेव एक्सप्रेस के जनरल और सेकंड क्लास के चार कोच में 6 से अधिक पंखे बंद मिले, जबकि इतवारी मेमू में भी खराब पंखों की संख्या आधा दर्जन से अधिक रही।

मार्च के महीने में ही बढ़ती गर्मी ने यात्रियों को बेहाल कर दिया है। दोपहर के समय पंखे बंद होने के कारण उमस इतनी बढ़ जाती है कि यात्री अपनी शर्ट उतारकर सफर करने को मजबूर हैं। सामान्य भीड़ होने पर तो खिड़की से आने वाली हवा से थोड़ी राहत मिल जाती है, लेकिन कोच में भीड़ बढ़ने के दौरान यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ट्रेनों में मार्च में यह हाल है तो अप्रैल और मई की भीषण गर्मी में यात्रियों की दिक्कतें बहुत बढ़ जाएंगी।

## हसदेव, इतवारी मेमू, रक्सौल, हावड़ा एक्सप्रेस और रायपुर-कोरबा पैसेंजर के जनरल कोच में बंद पंखे







### एक्सप्रेस ट्रेनों का भी यही हाल जनरल कोच में पंखे मिले बंद

लोकल ट्रेनों की तुलना में एक्सप्रेस ट्रेनों के पंखे खराब होने की समस्या अधिक देखने को मिल रही है। रक्सौल, समता, हावड़ा-मुंबई और समरसता एक्सप्रेस जैसी लंबी दूरी की ट्रेनों के जनरल कोच में 1 से 3 पंखे पूरी तरह बंद पाए गए। इसके अलावा लगभग इतने ही पंखे बेहद धीमी रफ्तार से चल रहे थे। दोपहर के वक्त जनरल कोच में भारी भीड़ होती है। ऐसे में जब ट्रेन किसी स्टेशन या आउटर पर रुकती है तो उमस और गर्मी से यात्रियों के पसीने छूटने लगते हैं। कई कोच में तो हालात ऐसे थे कि लगातार दो पंखे एक साथ बंद पड़े थे। यह अव्यवस्था मुख्य रूप से जनरल कोच के यात्रियों पर सबसे भारी पड़ रही है।

---

## खबर संक्षेप

### पूर्व डीजीपी विश्वरंजन का निधन, दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण संघ द्वारा छत्तीसगढ़ के पूर्व पुलिस महानिदेशक एवं भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विश्वरंजन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए रविवार को पुलिस लाइन में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने स्व. विश्वरंजन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी तथा उनके द्वारा पुलिस सेवा के दौरान किए गए उल्लेखनीय योगदान को स्मरण किया। श्रद्धांजलि देने वालों में सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक राजीव माथुर, संतकुमार पासवान, राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष गिरधारी लाल नायक, सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यूआर नेताम, सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक भारत सिंह, पीएन तिवारी, पुलिस उप महानिरीक्षक प्रवीर दास, एनकेएस ठाकुर, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण संघ के संरक्षक जीएस भामरा, अध्यक्ष बलराम हिरवानी, कोषाध्यक्ष नारायण प्रसाद उपाध्याय सहित संघ के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### पुरातत्वीय धरोहरों के संरक्षण में जनभागीदारी बढ़ाने की पहल



**रायपुर।** संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल के निर्देश पर संस्कृति विभाग अंतर्गत पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय, रायपुर द्वारा "जिला पुरातत्वीय संघों के निर्माण एवं कार्यविधियां" विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला 7 से 9 मार्च तक महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में आयोजित है। प्रथम तकनीकी सत्र में "संग्रहालयों के संचालन में जिला पुरातत्वीय संघों की भूमिका" विषय पर मुख्य व्याख्यान प्रो. आरएन विश्वकर्मा, सेवानिवृत्त प्राध्यापक एवं पूर्व विभागाध्यक्ष, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व, इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यक्रम प्रभारी डॉ. पीसी पारख, प्रभात कुमार सिंह, डॉ. अरुंधति परिहार, रोशनी शर्मा, डॉ. वृषोत्तम साहू, प्रवीन तिर्की, डॉ. राजीव मिंज, विष्णु नेताम, समीर टल्लू, मुकेश जोशी, अमर भरतद्वाज, नूतन एक्का एवं अरुण निर्मलकर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शराब के नशे में लकड़ी के बैट से सिर फोड़कर फरार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के बैरन बाजार इलाके में देर रात एक युवक पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। शराब के नशे में एक युवक ने अकारण गाली-गलौज करते हुए लकड़ी के बैट से हमला कर दिया, जिससे पीड़ित के सिर में गंभीर चोट आई है। जानकारी के अनुसार पीड़ित युवक विद्यानगर बैरन बाजार का निवासी है और पेशे से प्लंबर है। उसने पुलिस को बताया कि वह इलाके के रहने वाले अंशुल बघेल को पहले से जानता है। 7 मार्च की रात करीब 11 बजे वह विद्यानगर स्थित शिव मंदिर के पास बैठा हुआ था।

---

### निर्माता दवा कंपनी नहीं कर पा रही सप्लाई, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में शार्टेज

# इम्यूनोथैरेपी इंजेक्शन ऑन्को-बीसीजी 40 एमजी की सप्लाई ठप, बढ़ी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

ब्लैडर कैंसर की पीड़ा से जूझ रहे मरीजों के सामने पिछले कुछ समय से एक बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई है। इनके लिए इम्यूनोथैरेपी के रूप में उपयोग की जाने वाला ऑन्को-बीसीजी 40 एमजी के इंजेक्शन की अस्पतालों के साथ दवा बाजार में किल्लत हो गई है। इस दवा की प्रमुख निर्माता कंपनी द्वारा छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों में आपूर्ति बाधित होने की वजह से मरीजों की चिंता बढ़ गई है। दवा बाजार से जुड़े कारोबारियों का तर्क है कि इसकी सप्लाई मार्च के दूसरे पखवाड़े के बाद ही संभव है।

सूत्रों के मुताबिक, कैंसर प्रभावित कोशिकाओं को दोबारा पनपने से रोकने के लिए ऑन्को-बीसीजी इम्यूनोथैरेपी इंजेक्शन को जरूरी माना जाता है। चिकित्सकों के मुताबिक, यह थैरेपी एक निश्चित समय के बाद मरीजों को दी जाती है। यह इंजेक्शन बहुत रुटीन में नहीं है, इसलिए सामान्यतः इसकी शार्टेज होना मरीजों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है। पिछले कुछ समय से इसकी उपलब्धता राजधानी की निजी अस्पतालों के साथ दवा बाजार में नहीं है, जिसकी वजह से एक नियत अवधि में इसे लगवाने वाले मरीजों को दिक्कत उठानी पड़ रही है। हरिभूमि की टीम ने जब संबंधित इंजेक्शन की उपलब्धता के बारे में दवा बाजार में इन्वेस्टीगेशन किया तो पता चला कि पिछले पंद्रह-बीस दिनों से निर्माता कंपनी इसकी सप्लाई नहीं कर रही है। बाजार में मौजूदा स्टॉक भी खत्म हो गया और कंपनी से नई खेप आने का इंतजार किया जा रहा है। दवा कारोबारियों के मुताबिक, सिप्ला कंपनी का यह इंजेक्शन दवा दुकानों में तो दूर, नागपुर के डिपो में भी नहीं है। इसकी शार्टेज छत्तीसगढ़ के साथ पूरे देश में बनी हुई है। दवा कारोबारियों का कहना है कि कंपनियों को डिमांड भेजी जा चुकी है, मगर इसकी आपूर्ति मार्च के दूसरे पखवाड़े में ही होने का अनुमान है।

#### अस्पतालों के साथ दवा बाजार में भी नहीं मिल रही, दूसरे पखवाड़े बाद ही राहत






#### औषधि विभाग की नजर भी

बाजार में दवा की उपलब्धता को सामान्य बनाए रखने की जिम्मेदारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन की होती है। ब्लैडर कैंसर की इम्यूनोथैरेपी इंजेक्शन की सप्लाई बाधित होने के बाद विभागीय अधिकारी इसके वास्तविक कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रारंभिक स्तर पर उन्हें यह भी बताया गया कि सिप्ला कंपनी के नागपुर डिपो में भी इस इंजेक्शन की उपलब्धता नहीं है।

#### *शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को करता है मजबूत*

*यह इंजेक्शन मरीजों के शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए दिया जाता है। आमतौर पर इसका उपयोग सभी मरीजों के लिए नहीं किया जाता है। 'इंट्रावेसिकल इम्यूनोथैरेपी' कैंसर की कोशिकाओं से शरीर को लड़ने के लिए मजबूत करती है।*

*- डॉ. आशुतोष गुप्ता, ऑन्कोलाजिस्ट, आंबेडकर अस्पताल*

#### *शार्टेज बनी हुई है*

*ऑन्को-बीससीजी 40 एमजी की सप्लाई पिछले कुछ समय से कंपनी द्वारा नहीं की जा रही है। संबंधित कंपनी के डिपो में भी स्टॉक नहीं है। संभावना है कि माह के दूसरे पखवाड़े में बाजार में इसकी उपलब्धता हो जाएगी।*

*- ठा. राजेश्वर सिंह, दवा कारोबारी*

---

### नवीन बाजार का री-डेवलपमेंट प्लान अटका

## सर्वे और सीमांकन के बाद अब तक कंसल्टेंट नियुक्त नहीं किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



राजधानी के फूल चौक स्थित पांच दशक पुराने नवीन मार्केट को तोड़कर छहमंजिला व्यावसायिक परिसर बनाने की योजना अटक गई है। 7 माह बीतने बाद भी नगर निगम पुराने बाजार का कायाकल्प करने अब तक कंसल्टेंट नियुक्त नहीं कर पाया है। जबकि नवीन मार्केट के री-डेवलपमेंट प्लान के लिए पूर्व में ही नगर निगम ने आर्किटेक्ट फाइनल कर लिया। रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर योजना शाखा ने इसका री-डेवलपमेंट प्लान तैयार किया। इस बाजार को पंडरी जैसे व्यावसायिक परिसर का स्वरूप दिए जाने की योजना थी।

शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित 50 साल पुराने नवीन मार्केट को आधुनिक व्यावसायिक परिसर का स्वरूप देने की योजना सात माह में रत्तीभर भी आगे नहीं बढ़ पाई। नगर निगम के जोन-4 और निगम मुख्यालय की टीम ने नवीन मार्केट का पहले सर्वे कराया, इसके बाद इसकी सीमांकन रिपोर्ट तहसील से नगर निगम को मिली। यह जमीन सीमांकन के बाद 4.5 एकड़ निकली। नवीन बाजार के री-डेवलपमेंट का प्लान नगर निगम की योजना शाखा ने तैयार किया। वर्तमान में यहां 2 एकड़ भूमि पर दुकानें बनी हैं, जिससे नगर निगम को हर साल राजस्व मिलता है, पर बाकी जगह कब्जा कर अवैध मकान व दुकानें बना ली गई हैं, यानी निगम के आधिपत्य वाली ढाई एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा पाया गया। योजना शाखा ने इस प्रोजेक्ट की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की। नए प्लान के मुताबिक सभी पुराने निर्माण तोड़कर नगर निगम अपने आधिपत्य की पूरी जमीन कब्जे में लेकर उसमें नया मार्केट रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर तैयार कराता।

#### निगम बजट में करेंगे शामिल

नवीन बाजार री-डेवलपमेंट प्लान तैयार है, इसे मूर्त रूप देने नगर निगम के नए प्रस्तावित बजट में इसे शामिल किया जाएगा, ताकि शहर के पुराने बाजार का कायाकल्प हो, वह सुंदर स्वरूप में नजर आए। साथ ही इससे नगर निगम के राजस्व में अतिरिक्त वृद्धि होगी।

**- मीनल चौबे**, महापौर

---

## नया रायपुर बनेगा सोलर सिटी, क्रेडा ने प्रदेश सरकार को भेजा प्रस्ताव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में भी सोलर से बिजली का उत्पादन करने का काम अब तेजी से करने की तैयारी चल रही है। क्रेडा कई योजनाओं पर काम कर रहा है। नया रायपुर को सोलर सिटी भी बनाने की तैयारी है। इसके लिए क्रेडा ने पहले चरण में 18 विभागों के लिए 2370 किलोवाट की योजना तैयार की है। इस योजना को प्रदेश सरकार से मंजूरी के बाद इस पर काम प्रारंभ होगा। पहले 10 मेगावाट बिजली के उत्पादन का 65 करोड़ का प्रस्ताव प्रदेश सरकार के पास भेजा था, लेकिन इसको नामंजूर करके क्रेडा को हर विभाग के लिए अलग-अलग योजना बनाकर देने के लिए कहा गया है। अब क्रेडा ने हर विभाग के लिए अलग-अलग योजना तैयार करके प्रस्ताव भेजा है।

■ क्रेडा ने बनाई अलग-अलग विभागों के लिए योजना, राज्य सरकार को भेजा मंजूरी के लिए

देश में लगातार बढ़ती बिजली की मांग को देखते हुए अब केंद्र सरकार ने सोलर बिजली की तरफ रुख किया है। इसके लिए देश के कई राज्यों में भी काम हो रहा है। जहां एक तरफ केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना पर काम चल रहा है, वहीं राज्यों में बड़े-बड़े सरकारी और निजी सोलर प्लांट भी लगाने का काम हो रहा है। आवासीय कॉलोनियों के लिए भी रेस्को मॉडल में काम हो रहा है।

#### *इन विभागों की योजना तैयार*

*नया रायपुर में अभी पूरी बसाहट नहीं हुई है। लेकिन यहां पर मंत्रालय, सरकारी और कई निजी संस्थानों के साथ मुख्यमंत्री, मंत्रियों के बंगले भी हैं। क्रेडा ने अब 18 विभागों के लिए अलग-अलग योजना तैयार की है। इसमें सबसे ज्यादा 500 किलोवाट की योजना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की है। इसी के साथ रिटेल कांप्लेक्स के लिए 400 किलोवाट, सीएसआईडीसी मेला स्थल के लिए 250 किलोवाट, ऑफिस कांप्लेक्स के लिए 200 किलोवाट, आदिवासी संग्रहालय के लिए 200 किलोवाट, कमर्शियल कांप्लेक्स के लिए 100 किलोवाट, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के लिए 90 किलोवाट, राज्य योजना आयोग के लिए 90 किलोवाट, इंस्टीट्यूट होटल मैनेजमेंट के लिए 80 किलोवाट, लोक निर्माण विभाग डिवीजन 3 के लिए 70 किलोवाट, छत्तीसगढ़ चुनाव आयोग के लिए 60 किलोवाट, डेवलपमेंट कमिश्नर ऑफिस के लिए 55 किलोवाट, सचिव स्टेट इनफार्मेशन कमीशन के लिए 50 किलोवाट, सचिव राज्य चुनाव आयोग के लिए 45 किलोवाट सहित अन्य विभागों में 30-30 किलोवाट की योजना तैयार की है।*

#### *सरकार को मंजूरी के लिए भेजा प्रस्ताव*

*नया रायपुर को सोलर सिटी बनाने लिए अलग-अलग विभागों की योजना बनाकर प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है, वहां से मंजूरी के बाद काम प्रारंभ होगा।*

*- **भूपेंद्र सवन्नी**, अध्यक्ष क्रेडा*

---

## नवा रायपुर में डीएड अभ्यर्थियों का आमरण अनशन, अब विधानसभा में गूंजेगा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर पिछले ढाई माह से आमरण-अनशन कर रहे डीएड अभ्यर्थियों ने सहायक शिक्षकों के 2300 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर रविवार को भी अपनी आवाज बुलंद की। प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए डीएड अभ्यर्थियों ने धरनास्थल पर होली त्योहार मनाया। डीएड अभ्यर्थियों का मुद्दा अब 11 मार्च से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में गूंजेगा। सरायपाली क्षेत्र की विधायक चातुरी नंद, धरमजयगढ़ के विधायक लालजीत राठिया के अलावा बिलाईगढ़ क्षेत्र के विधायक कविता प्राणा लहरे विधानसभा में इस मुद्दे पर सवाल लगाए हैं। डीएड अभ्यर्थी संघर्ष समिति के आव्हान पर छत्तीसगढ़ के डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों द्वारा सहायक शिक्षक भर्ती 2023 में रिक्त 2300 पदों पर नियुक्त की मांग को लेकर आमरण अनशन किया जा रहा है। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं। हमारी प्रमुख मांग हैं कि न्यायालय के आदेश का तत्काल पालन हो। विशेष रूप से 1600 से अधिक आदिवासी वर्ग के रिक्त पदों पर नियुक्ति दी जाए। डीएड अभ्यर्थियों ने अपने मांगों को लेकर पूर्व में शिक्षा विभाग संचालनालय को लेकर मंत्रालय का घेराव करने रैली भी निकाली।

#### धरनास्थल पर मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस :

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर डीएड प्रशिक्षित महिला अभ्यर्थी बैनर पोस्टर हाथ में लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कराने तूता धरनास्थल पर डटी रहीं। साथ ही श्रृंगार नहीं संघर्ष की मिसाल हैं स्त्रियां, मान चाहिए सम्मान चाहिए, के स्लोगन के साथ प्रदर्शन किया।

---

## रोशनी छीन सकता है ग्लूकोमा, सप्ताहभर होगी सभी सरकारी अस्पतालों में जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ग्लूकोमा यानी काला मोतिया आंखों की रोशनी छीन सकता है। इससे प्रभावित लोगों के आंखों की रोशनी वापस नहीं लाई जा सकती, मगर दवा के नियमित उपयोग से इससे बचाव किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्लूकोमा सप्ताह के दौरान सप्ताहभर तमाम सरकारी अस्पतालों में इसकी जांच की जाएगी। पिछली बार अभियान के दौरान प्रदेश में करीब पांच सौ लोगों को इसका संदिग्ध पाया गया था। नियमित दवा से ज्यादातर पीड़ितों की समस्या को नियंत्रित कर लिया गया और सर्जरी वाली स्थिति में दर्जनभर ही पहुंचे।

■ पिछली बार मिले थे लगभग पांच सौ संदिग्ध, नियमित दवा ने बचाई रोशनी

स्वास्थ्य विभाग के अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत 8 से 14 मार्च तक प्रदेशभर में ग्लूकोमा सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर मेडिकल कालेजों तक आने वाले 40 साल से अधिक आयु वाले मरीजों के आंखों में ग्लूकोमा की जांच की जाएगी। चिकित्सकों के मुताबिक बार-बार चश्मे का नंबर बढ़ना और सिरदर्द को सामान्य समस्या माना जाता है, मगर इसका कारण ग्लूकोमा भी हो सकता है।




#### तेलीबांधा मरीन ड्राइव में कार्यक्रम

ग्लूकोमा सप्ताह के पहले दिन तेलीबांधा मरीन ड्राइव में कार्यक्रम के माध्यम से महिला समूह को नेत्र परीक्षण कराने हेतु प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी, जिला नोडल अधिकारी डॉ. समतरंगारी ने बताया कि इस बीमारी से बचने के लिए जांच कराना ही एकमात्र उपाय है, इसलिए जांच कराने में लापरवाही न बरतें और जांच अवश्य कराएं।

#### क्या है ग्लूकोमा

जिला सहायक नोडल अधिकारी राजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि ग्लूकोमा को सामान्य भाषा में 'काला मोतिया' या 'काचबिंदु' भी कहा जाता है। यह आंखों की एक गंभीर बीमारी है। इसमें आंख के अंदर तरल पदार्थ (फ्लूइड) जमा होने से दबाव बढ़ जाता है, जिससे ऑप्टिक नर्व (दृष्टि तंत्रिका) को नुकसान पहुंचता है। यह तंत्रिका ही आंखों से मस्तिष्क तक संकेत भेजती है, जिससे हम देख पाते हैं। इसके शुरुआती लक्षण में धुंधली दृष्टि, आंखों में दर्द, चश्मे का नंबर बार-बार बदलना होता है।

---

### सरकारी विभागों पर ही तीन हजार करोड़ का बकाया

## सरकारी दफ्तरों से बिजली बिल बकाया वसूली के लिए चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेशभर के सरकारी दफ्तरों भी अब छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बकाया वसूली के लिए अभियान चलाने का फैसला किया है। आमतौर पर आम उपभोक्ता से तो वसूली के लिए बिजली तक कट कर दी जाती है, लेकिन सरकारी दफ्तरों की तरफ झांका भी नहीं जाता है। अब सरकारी दफ्तरों में जाकर पॉवर कंपनी के अधिकारी उनके बकाया बिल की जानकारी देकर बिल जमा करने के लिए कहेंगे, हालांकि बिजली कट नहीं की जाएगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने कहा, प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में बकाया बिजली बिल की वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक बैठक कर बकाया वसूली के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिला एवं कंपनी के संभागीय कार्यालयवार शासकीय कार्यालयों के बकाया संबंधी जानकारी एकत्र कर एक सप्ताह के भीतर समीक्षा पूर्ण करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने अवैध कनेक्शन लेने वाले घरेलू एवं व्यवसायिक उपभोक्ताओं की भी जानकारी एकत्र करने के निर्देश दिए हैं।

#### *तीन हजार करोड़ बकाया, 600 करोड़ मिले*

*प्रदेशभर के सरकारी विभागों पर पॉवर कंपनी का करीब तीन हजार करोड़ का बकाया है, इसमें से 600 करोड़ रुपए पॉवर कंपनी को मिल गए हैं। मार्च के अंत तक और बकाया मिलने का संभावना है। इसके बाद वैसे भी सरकारी विभागों का बकाया फ्रीज कर दिया जाएगा और सरकारी विभागों के कनेक्शन प्रीपैड हो जाएंगे।*


---

## जोन दफ्तर के परिसर में महिला सफाई कर्मियों और स्वच्छता दीदियों का सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम जोन-8 के महोबा बाजार स्थित जोन कार्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से महिला सफाई कर्मचारियों और स्वच्छता दीदियों को उनकी सेवा के लिए सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर ने जोन-8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल सहित 50 महिला सफाई कर्मचारियों की सेवाओं को सराहते हुए उन्हें और स्वच्छता दीदियों को मंच से सम्मानित किया। महिला स्वसहायता समूह की स्वच्छता दीदियों ने जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल का अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान करते हुए उन्हें इस मौके पर बधाई दी। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा समेत अन्य की उपस्थिति रही।




## खबर संक्षेप

### मारपीट कर बाइक में लगाई आग

**महासमुंद।** मारपीट कर बाइक में आग लगाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। सरायपाली थाने में मुकेश प्रधान ने रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वह राजेश अग्रवाल के श्याम किराना स्टोर्स कुटेला में काम करता हैं। 8 मार्च को दोपहर लगभग 2:30 बजे वह राजेश अग्रवाल की मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीबी 9561 को लेकर झिलमिला के प्रसाद भंडारा में प्रसाद खाना खाने जा रहा था। पटेल टेंट हाऊस के पास पहुंचने पर मोहल्ले का राजू सराफ मिला, जिसने उसे झिलमिला चौक तक छोड़ने कहा, जब उसने कहा कि मुझे भूख लग रहा है और मैं तुझे नहीं छोड़ सकता। इस पर आरोपी ने गाली गलौज कर रोड किनारे रखे पत्थर को उठाकर मोटर सायकल के ऊपर पटक दिया तथा मुझे जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया। साथ ही मोटर साइकिल को माचिस से जला दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा115(2), 296, 326(एफ), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**धमतरी।** पुरुर मार्ग से गुजर रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की रास्ते में मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम आमदी निवासी विष्णु पटेल पिता दूजेश्वर उम्र 38 वर्ष अपने ममेरे भाई गुरुर निवासी सुनील पटेल के घर में रहकर बाड़ी का काम करता था। रविवार को विष्णु सुनील की मोटरसाइकिल को मांगकर किसी काम से गुरुर से पुरुर जा रहा था। इसी दौरान पीपरे पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने उसकी मोटरसाइकिल को ठोकर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को निजी वाहन की मदद से उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।

### बीमारी से परेशान अधेड़ ने की आत्महत्या

**धमतरी।** शारीरिक बीमारी से पीड़ित अधेड़ ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस व परिजनों के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सलोनी निवासी सनत घृतलहरे पिता बखरिया उम्र 57 वर्ष गले की बीमारी से पीड़ित था। उसे खाना निगलने में कठिनाई होती थी। उसे इलाज के लिए कुछ दिन पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के बाद अधेड़ शनिवार को अस्पताल से छुट्टी लेकर अपने घर सलोनी चला गया।

# छत्तीसगढ़िया स्वर्णकार महिला मंडल ने मनाया होली मिलन और महिला दिवस का दोहरा उत्सव

## फाग गीतों की धुन पर थिरकीं स्वर्णकार समाज की महिलाएं; पार्षद ईश्वरी भोई रहीं मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़िया स्वर्णकार महिला मंडल द्वारा 'होली मिलन समारोह' का भव्य आयोजन स्थानीय सोनी समाज सामुदायिक भवन में किया गया। होली मिलन का उत्सव और भी खास रहा क्योंकि यह अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में रंगों, प्रेम और सामाजिक समरसता का अनूठा संगम देखने को मिला।

समारोह का शुभारंभ भगवान राधा-कृष्ण की मूर्ति की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात महिलाओं ने पारंपरिक फाग गीतों और राधा-कृष्ण के भजनों पर जमकर नृत्य किया। एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गिले-शिकवे भुलाते हुए सभी ने सामाजिक एकता का संदेश दिया।

महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सरला सोनी ने सभी को होली और महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, ₹हमें स्वयं पर दृढ़ विश्वास और आत्मविश्वास रखना चाहिए। समाज



की एकजुटता और सुदृढ़ीकरण के लिए हमें निरंतर प्रयास करने होंगे।₹

मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद श्रीमती ईश्वरी भोई ने अपने उद्बोधन में स्वर्णकार समाज की महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया और समाज के विकास में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। संस्कारों की परंपरा को निभाते हुए कार्यक्रम में समाज की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती दुर्गा पोद्दार एवं श्रीमती लता सोनी का विशेष सम्मान कर उनसे आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर संगठन की पदाधिकारी और सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं, जिनमें:पदाधिकारीः नीता सोनी (उपाध्यक्ष), राखी सोनी (कोषाध्यक्ष), पूर्णिमा सोनी (सचिव)। सदस्यः रेणु सोनी, डाली चौधरी, बरखा सोनी, कुंती सोनी, सारिका सोनी, शिखा सोनी, प्रतिमा सोनी, अंजली सोनी, पूजा सोनी,भावना सोनी, रिंकी सोनी, नंदिनी सोनी, श्वेता सोनी एवं सरिता सोनी सहित समाज की अन्य महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल थीं।

# महिला दिवस पर सामूहिक नशा मुक्ति की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत भोरिंग के अंबेडकर भवन में नशामुक्ति को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महासमुंद विकासखंड अंतर्गत नवा बिहान अनुग्रह महिला ग्राम संगठन ग्राम पंचायत भोरिंग द्वारा आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह ने महिलाओं को संबोधित करते हुए नशा मुक्त भारत अभियान के तहत समाज में नशे के दुष्परिणामों के प्रति



जागरूकता बढ़ाने और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे अपने परिवार और समाज को नशे से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को नशा मुक्ति के पक्ष में जागरूक करने के लिए पंपलेट एवं ब्रोशर का वितरण किया गया। साथ ही सभी महिलाओं को नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक रूप से नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंत्यावसायी प्रभा मारकंडे, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं अंजना नायडु, तथा ग्राम पंचायत भोरिंग के सरपंच सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में लगभग 250 महिलाओं ने भाग लेकर नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया।

# सलडीह में मनाया गया विश्व ग्लूकोमा सप्ताह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

आयुष्मान आरोग्य मंदिर पवित्रा शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलडीह में विश्व ग्लूकोमा सप्ताह मनाया गया। जिसमें ग्लूकोमा (कांचबिंद) के बारे में जानकारी दी गई। आंखों के अंदर एक ऐसी स्थिति होती है जिसमें आंखों का तनाव धीरे धीरे बढ़ता है और धीरे धीरे ऑप्टिक नर्व को नुकसान पहुंचाता है जिसमें कारण आंखों की रोशनी बंद हो जाती है। आँखों में कोई भी समस्या हो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर उपचार करने हेतु बताया गया। मुख्य रूप से ग्लूकोमा की शिकायत 45 वर्ष से अधिक व्यक्ति या परिवार में किसी को उच्च रक्त चाप या मधुमेह की बीमारी हो या अधिक दूर दृष्टि और निकट दृष्टि दोष में होती है। इससे बचने के लिए हमें अपनी आखों की जांच लगातार कराते रहे। और यह मोतियाबिंद जैसे नहीं होता इसमें चली गई रोशनी को ऑपरेशन या लेजर के द्वारा भी वापस नहीं लाया जा सकता। इसलिए समय समय पर अपनी आंखों को जांच कराते रहे। उक्त जानकारी शिविर एवं संस्था प्रभारी मनीष भारद्वाज ग्रामीण चिकित्सा सहायक सलडीह एवं नेत्र सहायक अधि. प्रमोद कुमार साहू द्वारा दी गई। शिविर में ग्रामीणजनों के साथ सेक्टर सलडीह पर्यवेक्षक एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, संस्था के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति रही।

# भुवनलाल बने भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय ने विगत दिनों पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ की जिला संयोजक सहसंयोजक की घोषणा की है। जिसमें महासमुंद जिला संयोजक पद पर भुवन लाल साहू (आदर्श ग्राम कमरौद) अध्यक्ष ग्रामीण सेवा सहकारी समिति चरौदा को बनाये जाने से क्षेत्र में हर्ष का माहौल बना हैं।

भुवन लाल साहू को सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक बनाये जाने पर ग्राम पंचायत कमरौद के सरपंच वेणु साहू के अगुवानी में ग्रामवासियों ने विगत दिनों अभिनंदन समारोह का आयोजन स्थानीय ग्राम पंचायत भवन में किया जिसमे प्रकोष्ठ के जिला संयोजक भुवन लाल साहू का फूल हार माला, गुलाल, बुके आदि से स्वागत कर ग्रामवासियों ने



हर्ष व्यक्त किया। स्वागत समारोह के दौरान मोहन कुलदीप ग्राम पटेल, सरपंच वेणु साहू, भूषण नामदेव, धरम दीवान, लता सहिस उपसरपंच, राकेश कुलदीप रजऊ सहिस, सियाराम मेहर, लुलसी कुलदीप, तेजराम किसान गण, समस्त पंचगण ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के उदबोधन के दौरान भुवन लाल साहू ने जिला सहकारिता प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक बनाये जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री बिष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देवजी, संगठन मंत्री पवन साय, प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ, जिला अध्यक्ष येतराम साहू, थानसिंग दीवान महामंत्री एवं पार्टी सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं स्वागत सभा के लिए ग्रामपंचायत, ग्रामवासियों का आभार एवं धन्यवाद दिया।

## महिला दिवस पर राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन की चंडी यज्ञ व संत समागम की बनी रूपरेखा

**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी चंडी यज्ञ एवं संत समागम कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय पर्यवेक्षक रोशन दुबे ने बताया कि आगामी संत समागम में शंकराचार्य महाराज तथा जगतगुरु कल्कि महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में संतों के सान्निध्य में धार्मिक अनुष्ठान, प्रवचन एवं हिंदू एकता का संदेश दिया जाएगा। बैठक में प्रदेश प्रभारी सरजू तिवारी, प्रदेश संगठन मंत्री देवीचंद राठी, प्रदेश अध्यक्ष मानवाधिकार प्रकोष्ठ कृष्ण कुमार चंद्राकर, प्रदेश उपाध्यक्ष देवकरण मरकाम, प्रदेश अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ ) मोहिनी शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ छाया दुबे ,गरियाबंद जिला अध्यक्ष दशरथ सिन्हा , जिला प्रभारी मिंजुन साहू तथा बस्तर संभाग प्रभारी भूपेंद्र चंद्राकर प्रदेश अध्यक्ष के पी आरओ धर्मेंद्र ठाकुर, पीयूष साहू पार्षद सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय सम्मेलन और संत समागम को सफल बनाने के लिए संगठन के कार्यकर्ताओं से सक्रिय सहभागिता की अपील की।

## महर्षि विद्या मंदिर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया



**महासमुंद।** समीपस्थ ग्राम मचेवा स्थित महर्षि विद्या मंदिर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम प्राचार्य के मार्गदर्शन में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। प्राचार्य आरके तिवारी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम के दौरान अन्य शिक्षकों ने भी अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मनमोह लिया। महिला शिक्षकों के उत्साहवर्धन के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में पासिंग द बॉल प्रतियोगिता में उषा साहू, बिल्डिंग ब्लॉक प्रतियोगिता में कुमारी उमेश्वरी साहू तथा दम शरारत प्रतियोगिता में वर्षा सोनी एवं किरण पंकज विजेता रहीं।

कार्यक्रम का सफल संचालन एवं व्यवस्था गोविंद सिंह ठाकुर, नंदकुमार साहू, सुभाष पांडे एवं संदीप शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे और सभी ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता की।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से सुबलाया चौहान को मिला पोषण और सुरक्षित मातृत्व का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य और पोषण मिलने पर सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित हो रहा है। इसी क्रम में जिले के विकासखंड सरायपाली अंतर्गत केंद्र छिंदपाली-बी, ग्राम रूढ़ा की निवासी सुबलाया चौहान को योजना का लाभ मिलने पर सुरक्षित प्रसव और स्वस्थ शिशु का जन्म संभव हुआ। सुबलाया चौहान बताती है कि गर्भवती होने के बाद स्वास्थ्य जांच के लिए जब आंगनबाड़ी केंद्र पहुंची। टीकाकरण दिवस पर हुई प्रथम जांच में पाया गया कि उनके शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत कम थी और वे एनीमिया से पीड़ति थीं।

इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उषा भोई द्वारा गृह भेंट के दौरान उन्हें एवं उनके परिवारजनों को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में जानकारी दी गई और इस योजना से मिलने वाले लाभों के बारे में बताया गया।



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा उनका आवेदन फार्म तैयार कर ऑनलाइन प्रविष्टि की। इसके पश्चात लगभग एक माह के भीतर ही योजना की पहली किस्त के रूप में 3000 रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में प्राप्त हुई।

सुबलाया चौहान बताती है कि प्राप्त राशि का उपयोग उन्होंने अपने और गर्भस्थ शिशु के बेहतर स्वास्थ्य के लिए पोषण पेटी तैयार करने में किया तथा नियमित रूप से पौष्टिक आहार का सेवन करना शुरू किया। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के मार्गदर्शन में समय-समय पर एएनसी जांच कराई गई और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त की गईं। वे बताती है कि नियमित देखभाल और पोषण के कारण गर्भावस्था के अंतिम चरण में उनकी हीमोग्लोबिन मात्रा 8 ग्राम से बढ़कर 11 ग्राम हो गई। इसके बाद उन्होंने सुरक्षित प्रसव के दौरान 3.5 किलोग्राम वजन के स्वस्थ बालक को जन्म दिया। सुबलाया चौहान एवं उनके परिवारजनों ने इस सहयोग के लिए शासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# ट्रेनिंग से निखर रहा विद्यार्थियों का व्यक्तित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मगरलोड

मेघा में संचालित क्षेत्र के अग्रणी शिक्षण संस्थान रेनबो इंग्लिश मीडियम स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए एक अनोखी पहल की जा रही है। विद्यालय में बच्चों को नियमित रूप से मिलिट्री आधारित फिजिकल ट्रेनिंग और अनुशासन शिक्षा प्रदान की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास हो रहा है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विद्यार्थियों को परेड, ड्रिल, शारीरिक व्यायाम, टीमवर्क तथा अनुशासन के विभिन्न पहलुओं का अभ्यास कराया गया। ट्रेनिंग के माध्यम से बच्चों को समय का पालन, जिम्मेदारी और देशभक्ति की भावना भी सिखाई जा रही है।

विद्यालय के डायरेक्टर पारख दास मानिकपुरी ने बताया कि आज के समय में केवल किताबी शिक्षा ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि बच्चों का शारीरिक, मानसिक और व्यक्तित्व विकास भी उतना ही जरूरी है। इसी उद्देश्य से विद्यालय में मिलिट्री स्टाइल फिजिकल ट्रेनिंग और अनुशासन शिक्षा को विशेष रूप से शुरू किया गया है। अभिभावकों का कहना है कि ऐसी गतिविधियों से बच्चों में अनुशासन, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है, जो उनके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### लेटते हुए दर्शन के लिए पहुंची सत्यावती व रेशमी

**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर में त्रिदिवसीय अखंड नामयण समारोह में महान संत गुरु घासीदास की पूजा अर्चना और संध्या महाआरती में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। जिसमें अनेक मंडली अपने मानस नामायण की प्रस्तुति दे रहे है। इस अवसर पर सत्यवती और रेशमी नरियर से बाबा का जाप करते हुए, बाबा दर्शन के लिए जैतखाम चौक से बाबा के मंदिर लेटते हुए पहुंची।

### 125 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**महासमुंद।** शहर के समीपस्थ ग्राम लभरा खुर्द स्थित सोहम हॉस्पिटल में 08 मार्च को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। डॉ सोमी चंद्राकर एवं डॉ युगल चंद्राकर एवं डॉ सीपी पटेल ने निः शुल्क 25 सोनोग्राफी एवं 50 से अधिक मरीजों का सोहम की टीम के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसमें अन्य अन्य रोगों के मरीज जैसे, जोड़ों के दर्द, पेट संबंधी समस्याओं, पथरी, पेट में जलन गैस, चमड़ी के रोग, साइटिका, सर्वाइकल, दाद-खाज, खुजली इत्यादि बीमारियों का निःशुल्क परीक्षण एवं उचित मार्गदर्शन मरीजों को दिया गया।

### फिक्स डे मेंटल हेल्थ कैंप आयोजित

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना जिला महासमुंद में मेंटल हेल्थ फिक्स डे कैंप आयोजित किया गया। 36 मानसिक मरीजों में मुख्यतः 18 साइकोसिस, 6 बाईपोलर, 6 डिप्रेशन, 3 ऐंजाइटी, 1 सीजर, 2 एल्कोहल एडिक्सन विथड्रॉल, को निदान कर निःशुल्क मेडिसिन के साथ साइकोसोशल इंटरवेंशन किया गया। डॉ नारायण साहू बीएमओ, ढोलचंद नायक बीपीएम व स्टॉफ का सहयोग रहा, मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय स्पर्श क्लिनिक से रामगोपाल खूंटे साइकेट्रिक सोशल वर्कर, व स्टॉफ के साथ मेंटल हेल्थ कैंप आयोजित किया गया।

### चर्चा : नगर में नशीले पदार्थों की बढ़ रही बिक्री से बढ़ी चिंता

# ड्रग्स मामले में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी से मिलेंगे नपा सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



नगर पालिका कार्यालय में आज नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में सभापति एवं पार्षदों की बैठक हुई। जिसमें शहर में बढ़ रहे नशाखोरी, नशीले पदार्थों की बिक्री, ड्रग्स के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण की मांग को लेकर चर्चा हुई।

बैठक में परिषद के सदस्यों ने निर्णय लिया कि गत दिनों अखबारों के माध्यम से शहर में ड्रग्स के कारोबार की जानकारी मिली है। उसमें संलिप्त लोगों पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। इस मामले में सभी ने एक स्वर में नाराजगी जाहिर करते हुए शीघ्र पुलिस अधीक्षक से मिलकर कार्रवाई की मांग करने की बात कही।

परिषद के सदस्यों ने कहा कि महासमुंद जैसे शांत प्रिय शहर में इस तरह अवैध गतिविधियों को पनपने नहीं दिया जाएगा। ड्रग्स के कारोबार में 4 लोगों को पुलिस ने पकड़ा था, लेकिन बिना कोई कार्रवाई के उन्हें छोड़ दिया गया। कार्रवाई नहीं होने से ऐसे असामाजिक तत्वों के हौसले और बढ़ेंगे और शहर में ड्रग्स के कारोबार को बल मिलेगा। अतः इस अवैध कारोबार पर अभी से रोक लगाने के लिए सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है। पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि शहर में अवैध शराब, सूखा नशा, मेडिकल नशे की बिक्री सहित जुआ, सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रोकथाम की आवश्यकता है, ताकि भावी पीढ़ी को नशे के दलदल में धंसने से बचाया जा सके। इसके लिए पालिका परिषद के समस्त सदस्यों सहित आम जनता की सहयोग भी जरूरी है। माता-पिता का दायित्व है, कि अपने बच्चों के गतिविधियों पर नजर रखें।

और अवैध नशे के कारोबार करने वालों का विरोध करें। साहू ने कहा कि नशे के कारण कई घर उजड़ चुके हैं। नवयुवक नशे के जाल में फंसकर अपना भविष्य खराब कर रहे हैं। पुलिस की जिम्मेदारी है, इन अवैध गतिविधियों पर तत्काल सख्त कार्रवाई करें। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर वस्तुस्थिति से अवगत कराकर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग करेंगे।

बैठक में सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, सभापति ईश्वरी संजय भोई, जय देवांगन, पार्षद सुनैना पप्पू ठाकुर, गुलशन साहू, चंद्रशेखर बेलदार, मुस्ताक खान, धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, धनेश्वरी सोनवानी, पीयूष साहू, मुन्ना देवार, कल्पना सूर्यवंशी, विधायक प्रतिनिधि हाफिज कुरैशी आदि उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुए विविध आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना सरायपाली द्वारा 'महिलाओं के अधिकार, समानता और सशक्तिकरण' थीम पर सरायपाली में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे क्षेत्र की महिलाओं ने बड़ी संख्या में भागीदारी दी।

'सशक्त महिला सशक्त समाज₹बेटी, बहन, मां - हर रुप में नारी का सम्मान' समस्त अतिथियों द्वारा भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, सरस्वती माता के तैल्य छायाचित्र पर पूजन अर्चन, माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन के पश्चात राजकीय गीत (अरपा पैरी के धार) गाकर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत महिला बाल विकास पर्यवेक्षकों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया तत्पश्चात अतिथियों द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के परिपेक्ष्य में सारगर्भित, प्रेरणादाई उद्बोधन दिया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित 'वृहद महतारी वंदन सम्मेलन 2026' मिनी स्टेडियम जनपद पंचायत बस्तर कार्यक्रम की लाइव प्रसारण के लिए प्रोजेक्टर एवं एलईडी सेट की व्यवस्था की गई।

## नगर पेंशनर्स संघ की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

रविवार को नगर पालिका पेंशनर्स संघ की बैठक पालिकाध्यक्ष निखिलकांत साहू के आतिथ्य में संपन्न हुई। विश्व महिला दिवस के अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने संघ की महिला सदस्यों को चुनरी भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने नगर, देश एवं प्रदेश में महिलाओं की सहभागिता एवं योगदान की सराहना करते हुए उनके उत्थान एवं आत्म निर्भरता की दिशा में अधिक कारगर पहल की आवश्यकता प्रतिपादित की। जिससे कि पुरूष प्रधान इस देश में सदियों से चली आ रही दासता से उन्हें मुक्ति मिल सके और वे पुरूषों के समकक्ष हर क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में स्थापित हो समाज और देश का गौरव बढ़ाए।

रंग पंचमी के अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार होली मिलन का भी आयोजन संघ द्वारा रखा गया। इस अवसर पर उपस्थित संघ के समस्त सदस्यों द्वारा एक-दूसरे पर गुलाल लगाकर पुष्प वर्षा करते हुए आपसी प्रेम, सद्भाव एवं भाईचारा का इजहार किया गया एवं खुशी व्यक्त करते हुए मिष्ठान वितरण की गई तथा पालिकाध्यक्ष से पेंशनरों के सभागार हेतु भवन की मांग की गई, पालिकाध्यक्ष द्वारा मांग को स्वीकारते हुए इसके शीघ्र वैकल्पिक व्यवस्था का आश्वसासन दिया गया है। राम कुमार लोधी द्वारा लिखित लघु रचना 'महिला अबला क्यूं और कब तक' की प्रति सर्व सदस्यों को वितरित कर अध्यक्ष महोदय को भी एक प्रति भेंट की गई। उक्त जानकारी बी.डी. सोनवानी प्रांतीय संगठन एवं प्रचार मंत्री तथा अध्यक्ष नपा पेंशनर्स संघ द्वारा दी गई।

## महिला दिवस पर उत्कृष्टता के लिए मातृशक्ति सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के गरिमामय अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्थानीय स्तर पर एक भव्य महिला समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल माध्यम से उपस्थित महिलाओं को संबोधित किया। उन्होंने महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार मातृशक्ति की सुरक्षा, समृद्धि और आत्मनिर्भरता के लिए पूरी तरह संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रदेश की नारी शक्ति को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला शक्तियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तहसीलदार ललित सिदार, महिला बाल विकास अधिकारी रतन तंवर, डॉ. तारा अग्रवाल, संतोष गुप्ता सहित विभाग के कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## पाली में महिला सशक्तिकरण को लेकर कार्यक्रम आयोजित



**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पाली में 8 मार्च को महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की सामाजिक भागीदारी, उनके अधिकारों तथा समाज के विकास में उनकी भूमिका पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उनके साथ जनपद सदस्य अश्विनी दीवान, झारा की सरपंच चंद्रकला जांगडे अली तथा ग्राम पाली के सरपंच भुवनेश्वर लोधी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर महिला स्व सहायता समूह महिला समिति ग्राम पाली तथा एफटीके के जल वाहिनी समूह ग्राम पाली की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उप अभियंता आलोक शुक्ला भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने और समाज के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के महत्व पर भी चर्चा की गई। उपस्थित अतिथियों एवं अधिकारियों ने जल की बचत, वर्षा जल संचयन तथा पानी के समुचित उपयोग के प्रति सभी को जागरूक रहने का संदेश दिया, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखा जा सके। कार्यक्रम में जिला समन्वयक सूर्य प्रकाश त्रिवेदी, नीलेश देवांगन, हितेश प्रधान तथा शुभांगी बघेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का भी संदेश दिया गया।

### पीएम आवास के तहत छत्तीसगढ़ में 28,461 मकानों की मंजूरीः निधि



**महासमुंद।** प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत छत्तीसगढ़ में हजारों जरूरतमंद परिवारों को पक्के आवास मिलने का मार्ग प्रशस्त होने पर जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से प्रदेश में 28, 461 नए मकानों के निर्माण के लिए 435 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिलना एक ऐतिहासिक कदम है। इससे गरीब, मध्यम एवं जरूरतमंद परिवारों को अपने पक्के घर का सपना साकार करने में बड़ी मदद मिलेगी। जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और विष्णुदेव सरकार के नेतृत्व में "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" की भावना के साथ देश में जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना सरकार की संवेदनशील सोच को दर्शाता है।

## नर्रा छै परिहा के अध्यक्ष बनाए गए रघु पटेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

मरार पटेल समाज नर्रा छै परिहा की बैठक समाजिक भवन में आयोजित की गई। जिसमें अध्यक्ष रघुलाल पटेल, कोषाध्यक्ष एवतराम पटेल एवं सचिव चंदन पटेल को मनोनीत कर जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान लक्ष्मी नारायण पटेल, संतराम पटेल, दुकालुराम पटेल, लोक नाथ पटेल, उत्तम पटेल, भागीरथी पटेल, मुरली पटेल, चंद्रहास पटेल, जेठूराम पटेल, दिनेश पटेल, भूपत पटेल समेत समाज के लोग मौजूद रहे।

## आमजन को लूट कर सत्ता पा रही भाजपा : अंकित

### बिहार, असम के बाद छत्तीसगढ़ को भी फिर से लूटने जल्दी देगी 10 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

**लगातार कच्चे तेल की कीमतें कम होने के बावजूद पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि**

कांग्रेस पार्टी के नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि ₹बहुत हुई महंगाई की मार अब की बार मोदी सरकार₹ के झूठे नारे के साथ आज से 12 साल पहले सत्ता में आई भाजपा सरकार ने लगातार महंगाई बढ़ा कर और अपने तुगलकी फरमान नोट बंदी और जीएसटी के माध्यम से नए रोजगार तो नहीं दिए बल्कि करोडों लोगों को अपने रोजगार से हांथ धोना पड़ा।

अंकित ने बताया कि भाजपा सरकार जिस राज्य में हैं वहां सत्ता प्राप्ति के बाद से बिजली के मूल्यों में और सम्पति करों में बेतहाशा वृद्धि कर ली है। अंकित ने बताया कि के केंद्र की मोदी सरकार ने पहले नोट बंदी कर कइयों का रोजगार छीना फिर जीएसटी में 117 लाख करोड़ रुपये पूरे देश से लूटा और पहले 7 साल लूटने के बाद अब रिफार्म के नाम से थोड़ा कम कर दिया।



अंकित ने कहा कि विश्व गुरु के कुप्रबंधन के चलते देश का रुपया अब तक का सबसे कम 92.33 पैसा प्रति डॉलर हो गया है। और छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार ने अपने अल्प समय में 46000 करोड़ का कर्ज ले चुकी है और दिन-प्रतिदिन विभिन्न माध्यमों से आमजन को लूट रही है। लगातार कच्चे तेल की कीमतें कम होने के बावजूद पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि हो रही है। अंकित ने बताया कि 2014 में जब कच्चे तेल की कीमतें 114 से 140 डॉलर प्रति बैलर थी तब कांग्रेस सरकार में पेट्रोल डीजल 60 रुपये से कम था और रसोई गैस 400 था जिसमें सब्सिडी 250 रुपये आती थी। और जबसे मोदी सरकार आई उसके बाद कई बार कच्चे तेल की कीमतों में भारी कमी आई कच्चा तेल 60 डालर प्रति बैरल भी आया और अब 100 डॉलर प्रति बैरल है, तब भी कभी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी नहीं आई अपितु 400 का सिलेंडर 1100 तक जाके आज 900 से 960 रुपये हो गया और सब्सिडी घट कर 59 रुपये आ चुकी है और पेट्रोल-डीजल बढ़ कर 102 और 93 रुपये पहुंच चुका है। अंकित ने डबल इंजन की सरकार को शोषक सरकार कहा जिसे सिर्फ आम जन को लूटना और और आम जन के पैसों से 10 हजार रुपये दे कर पुनः सत्ता में आना है। व्यापारी मित्रों को लाभ पहुंचाने लाखों पेड़ कटवाना है और फिर एक पेड़ मां के नाम लगा कर नौटंकी करना है।



### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला खेल एवं जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेल मैदान तुमगांव एवं सरस्वती शिशु मंदिर महासमुंद में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला खेल एवं जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर खेल मैदान तुमगांव में रग्बी, फेंसिंग एवं बेसबॉल प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें महिला खिलाड़ी शामिल हुए। रग्बी एवं बेसबॉल प्रतियोगिता में भोरिंग महासमुंद विजेता बना तथा रग्बी में बेलसोंडा महासमुंद उपविजेता बनीं एवं बेसबॉल प्रतियोगिता में न्यू होलीफेथ स्कूल महासमुंद उपविजेता बनीं। खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज कुमार घृतलहरे ने बताया कि जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन शिशु मंदिर तुमगांव महासमुंद में 8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया जिसमें महासमुंद जिले से विकासखंड की टीम शामिल रहीं, आयोजन में खो खो, वॉलीबॉल, रस्सा कसी, एथलेटिक्स के विजेता खिलाड़ी को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

### स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने भोरिंग के एकलव्य स्कूल में लोगों किया जागरूक

# भोरिंग में खेल एवं फिटनेस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा माय भारत के सहयोग से भोरिंग स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, भोरिंग में 08 मार्च कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में खेलों और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लीला साहू (भोरिंग) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में मनोज धृतलहरे (जिला खेल अधिकारी), वसुंधरा साहू (जिला युवा अधिकारी), अंजुली जैन (टीजीटी, ईएमआरएस), बुल्टी सरकार (टीजीटी, ईएमआरएस) तथा हृषिक देबनाथ (पीजीटी, ईएमआरएस) उपस्थित रहे।

अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य को ही बेहतर नहीं बनाते, बल्कि महिलाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन की भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने बालिकाओं और महिलाओं को नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने तथा फिटनेस को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।




कार्यक्रम के अंतर्गत एथलेटिक्स की तीन प्रमुख स्पर्धाओं100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं को 13 वर्ष से कम, 13 से 18 वर्ष तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम में म्यूजिकल चेयर और टग ऑफ वॉर (रस्साकशी) जैसी मनोरंजक खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसने कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक एवं उत्साहपूर्ण बना दिया। इन खेलों में प्रतिभागियों के साथ-साथ उपस्थित लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान खेल गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण और सामुदायिक सहभागिता का संदेश दिया गया। विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला, जहां प्रतिभागियों ने खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, स्थानीय युवाओं तथा माय भारत के स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका रही, जिनके सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को खेलों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया गया।

